प्राथमिकता

संख्या-98/1106/84-1-13-01भवन(बजट)/2012

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निबन्धक,
राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग,
उ0प्र0, लखनऊ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1 लखनऊ दिनॉक 12 नवम्बर, 2013

विषय- राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के गोमतीनगर परिसर में चौथी एवं पॉचवीं पीठ के भवन निर्माण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम को सम्बोधित एवं शासन को पृष्ठांकित अपने पत्र संख्या-2752/एस.सी.डी.आर.सी. यू.पी./एन.-10/12-13, दिनॉक 23 अक्टूबर, 2013 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के पत्र दिनॉक 03-7-2013 द्वारा राज्य आयोग की चौथी व पॉचवीं पीठ के भवन निर्माण हेतु स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष अभी तक कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा आप द्वारा प्रबन्ध निदेशक राजकीय निर्माण निगम से प्रश्नगत भवन हेतु संशोधित मानचित्र की मॉग की जा रही है। इस संबंध में अवगत कराना है कि निबन्धक, राज्य आयोग द्वारा प्रस्तुत आगणन व मानचित्र के आधार पर परियोजना की लागत रू0 3,90,84,000/- मूल्यांकित की गई है इसमें परिवर्तन व परिवर्धन किया जाना उचित नहीं है। जिससे परियोजना की लागत परिवर्तित हो।

2- अत: अनुरोध है कि कार्यदायी संस्था द्वारा अब तक निर्माण कार्य प्रारम्भ न किये जाने तथा अनुमोदित परियोजना में परिवर्तन करने के औचित्य के संबंध में स्थिति स्पष्ट करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in